जानकारी

यदि आप कुछ समझ नहीं पाते/पाती हैं, तो सहायता के लिए पूछें। जानकारी को समझने में आपकी सहायता के लिए एपॉइंटमेंट्स में आप अपने साथ किसी अन्य व्यक्ति को ला सकते/सकती हैं।

आपके पास अपने स्वास्थ्य और उपलब्ध विभिन्न सेवाओं ,जैसे सरकारी और गैर-सरकारी विकल्पों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है।

आपको किसी भी उपचार से पहले सूचित सहमति देने की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि आपको अपने उपचार के विकल्पों, संभावित लाभों और खतरों तथा शुल्कों को पूरी तरह से समझना चाहिए।

आपको अपनी स्वास्थ्य देखभाल के विकल्पों, कहाँ जाना है, प्रतीक्षा का समय और क्या आपको किसी भी सुविधा के लिए भुगतान करने की आवश्यकता होगी, इन बातों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।

यदि आपकी स्वास्थ्य देखभाल के दौरान कुछ गलत हो जाता है, तो आपके पास अधिकार है कि आपको इसके बारे में बताया जाए। स्वास्थ्य सेवा को यह समझाना चाहिए कि क्या हुआ, आप कैसे प्रभावित हो सकते/सकती हैं तथा देखभाल को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए क्या किया जा रहा है।

गोपनीयता

अस्पताल के वॉर्डों और प्रतीक्षालयों सहित सभी स्थानों पर **आपकी गोपनीयता का सम्मान किया जाना चाहिए।**

आपके पास अपनी गोपनीयता का सम्मान किए जाने का अधिकार है। इसमें आपके शरीर की गोपनीयता, साजो-सामान, जानकारी और व्यक्तिगत स्थान शामिल हैं।

आपकी व्यक्तिगत और चिकित्सा-संबंधी जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखा जाना चाहिए।

प्रतिक्रिया दें

आपके पास प्रतिक्रिया देने या शिकायत करने का अधिकार है। आपकी चिंताओं को खुले तौर पर और उचित समय-सीमा के अंदर दूर किया जाना चाहिए। प्रतिक्रिया या शिकायत प्रदान करने से आपके साथ किए जाने वाले व्यवहार के तरीके पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

अपने अनुभवों को साझा करने से स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

यदि आप इस बारे में चिंतित हैं कि आपके अधिकारों का सम्मान नहीं किया गया है, तो अपने चिकित्सक या स्वास्थ्य सेवा संगठन के साथ बात करें। यदि आप ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, या आप उनकी प्रतिक्रिया से खुश नहीं हैं, तो अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र में स्वास्थ्य शिकायत संगठन से संपर्क करें।

घोषणापत्र या स्वास्थ्य शिकायत संगठनों के संपर्क विवरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ:
www.safetyandquality.gov.au/your-rights

अपने **स्वास्थ्य देखभाल अधिकारों** के बारे में और अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवा से पूछें।

Level 5, 255 Elizabeth Street
Sydney NSW 2000

GPO Box 5480
Sydney NSW 2001

टेलीफोन: (02) 9126 3600
mail@safetyandquality.gov.au

safetyandquality.gov.au

मुझे स्कैन करें

AUSTRALIAN COMMISSION ON SAFETY AND QUALITY IN HEALTH CARE

जून 2022

मेरे स्वास्थ्य देखभाल अधिकार

HINDI | हिन्दी

AUSTRALIAN COMMISSION ON SAFETY AND QUALITY IN HEALTH CARE

आपके पास सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार हैं, जैसा कि **ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य देखभाल अधिकार घोषणापत्र (घोषणापत्र) Australian Charter of Healthcare Rights (the Charter)** मेंवर्णित है।

घोषणापत्र यह समझाता है कि आप या आपसे देखभाल प्राप्त करने वाला व्यक्ति स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करते समय क्या उम्मीद कर सकता है।

ऑस्ट्रेलिया में जहाँ कहीं भी स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जाती है, वहाँ ये अधिकार सभी के लिए लागू होते हैं।

अपने अधिकारों को पढ़ने और समझने के लिए समय निकालें।

सुलभता

आपके पास स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का अधिकार है, जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

मेडिकेयर चिकित्सक के पास दिखाने के शुल्कों सहित कई उपचारों और दवाइयों के साथ भी सहायता करता है। उपचार प्राप्त करने से पहले आपके पास यह जानने का अधिकार है कि क्या कोई फीस और शुल्क लागू हैं, जिनका आपको भुगतान करने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य सेवा संगठनों को ऐसा परिवेश उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों को उनकी सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम बनाता है।

सुरक्षा

आपके पास सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का अधिकार है, जो राष्ट्रीय मानकों को पूरा करती है।

आपकी स्वास्थ्य देखभाल और उपचार सबसे अच्छे उपलब्ध प्रमाण, और आपकी आवश्यकताओं तथा प्राथमिकताओं पर आधारित होने चाहिए।

यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, कोई चिंताजनक परिवर्तन आपके ध्यान में आता है, या आपके विचार में कुछ चूक हो गई है, तो आपके पास समीक्षा के लिए पूछने का अधिकार है।

सम्मान

आपके पास अपने साथ गरिमामय, सम्मानजनक और करुणापूर्ण व्यवहार किए जाने का अधिकार है।

आपकी आवश्यकताओं के बारे में आपसे पूछा जाना चाहिए, और आपकी देखभाल को आपके चयनों को दर्शाना चाहिए।

साझेदारी

आपके पास अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ एक साझेदार के रूप में व्यवहार प्राप्त करने का अधिकार है। आपको जितने प्रश्न पूछने की आवश्यकता है, आप उतने पूछ सकते/सकती हैं। आपके चिकित्सक को आपकी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में आपसे खुले रूप से और ईमानदारी के साथ बात करनी चाहिए।

आप अपनी देखभाल में परिवार, मित्र, देखभालकर्ता या उपभोक्ता पक्ष-समर्थक जैसे अन्य लोगों को शामिल कर सकते/सकती हैं।